तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज गुलाब चन्द बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार लूणी) सू.अ.अ. अपील संख्या 192/2017	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09.01.18	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी गुलाबचन्द् पुत्र पुखराज जैन्, पता मु0 पो0 धवा तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 30.11.17. में उसके द्वारा (1) ग्राम पंचायत व पटवार हलका धवा में सरकारी जमीन पर सरकारी भवन व अन्य लोगों द्वारा जिन खसरों पर कब्जा किए हुए है उनका विवरण व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। ओदश सुनाया गया।	